कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची
संयुक्त कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची–834008
e.mail- daoranchi1@gmail.com

प्रमण्डल स्तरीय मेला –सह– प्रदर्शनी/कार्यशाला हेतु टेन्ट निमार्ण, प्रकाश एवं ध्वनि हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (संशोधित):–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची द्वारा प्रमण्डल स्तरीय मेला –सह– प्रदर्शनी/कार्यशाला के आयोजन दिनांक 10.02.2024 को शहीद मैदान, धर्वा (सम्भावित) किया जाना है। उक्त कार्य हेतु मुख्य अतिथिओं हेतु स्टेज का निर्माण तथा किसानों के बैठने हेतु कुर्सी तथा टेन्ट निमार्ण के साथ साथ प्रकाश एवं ध्वनि का भी आयोजन किया जाना है जो निम्नवत है

1. मुख्य स्टेज का आकार (संभावित)– 40ft X 20ft X 10ft (L X W X H)
2. किसानों के बैठने का आकार (संभावित)– 300ft X 200ft (L X W)
3. सोफा सेट (डबल सीट)– लगभग 20 pc (जरूरत के अनुसार)
4. कुर्सी– लगभग 3000 pc (जरूरत के अनुसार)
5. VIP कुर्सी– लगभग 50 pc (जरूरत के अनुसार)
6. Center Table– लगभग 20 pc (जरूरत के अनुसार)
7. प्रकाश एवं ध्वनि सेट– जरूरत के अनुसार
8. स्टॉल की संख्या (संभावित)– 60 - 10ft X 10ft X 10ft (L X W X H)
9. कार्यक्रम स्थल मैट तथा नैट से ढका हुआ होगा
10. कार्यक्रम स्थल कपड़ा से घेराव किया हुआ होगा

उपरोक्त क्रम में उक्त कार्य में योग्य एवं अनुभवी फर्मों/संस्थानों/निर्माताओं से बंद लिफाफे में निविदा निम्न शर्तो के साथ आमंत्रित की जाती है :–

1. निविदा (दो लिफाफा व्यवस्था) अंतर्गत दो लिफाफों क्रमशः भाग–01 तकनीकी बीड एवं भाग–02 वित्तीय बीड एक अन्य लिफाफे में समुचित तरीके से बंद रहेंगे। लिफाफों के उपर तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड स्पष्टतः लिखा होना चाहिए।
2. **भाग–01 तकनीकी बीड लिफाफा**– तकनीकी बीड लिफाफा के अंदर पुनः दो बंद लिफाफे होंगे जिसमें

   (क) **प्रथम लिफाफा** (उपर 'तकनीकी अभिलेख' स्पष्टतः अंकित होना चाहिए) में निम्न स्वअभिप्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराना आवश्यक होगा :–

   क. फर्म का नाम एवं पूरा पता

   ख. निबंधन संख्या

   ग. पैन नं0

ध. जी0एस0टी0 नं0

ड़. नोटरी पब्लिक से काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधित शपथ पत्र

च. गत् वित्तीय वर्ष का संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव

छ. आयकर रिटर्न (वित्तीय वर्षो 2020—2021, 2021—2022, 2022—23, अर्थात् एसेसमेन्ट वर्ष 2021—2022, 2022—2023, 2023—2024)

ज. निविदा शुल्क (Non Refundable) — रु0 2,000.00 (दो हजार रुपये) का बैंक ड्राफ्ट जो जिला कृषि पदाधिकारी, राँची (District Agriculture Officer, Ranchi) Payable at Ranchi के नाम से भुगतेय होगा संलग्न करना आवश्यक होगा।

झ. EMD- रु0 20,000.00 (बीस हजार रुपये) का बैंक ड्राफ्ट जिला कृषि पदाधिकारी, राँची (District Agriculture Officer, Ranchi) Payable at Ranchi के नाम से भुगतेय संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(ख) **द्वितीय लिफाफा** (उपर 'डिजाईन' स्पष्टतः अंकित होना चाहिए) में कार्य से संबंधित डिजाईन प्रारुप उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

3. **भाग—02 वित्तीय बीड लिफाफा — डिजाईन** के अनुसार दर (सभी करों सहित) स्पष्टतः शब्दों में भी अंकित रहना चाहिए।
4. तकनीकी शर्तो में सफल निविदादाता का ही **'डिजाईन'** संबंधित लिफाफा खोला जायेगा तथा **'डिजाईन'** पर सफल होने के उपरांत ही सफल निविदादाता वित्तीय बीड खोला जायेगा।
5. (क) इच्छुक एवं अनुभवी फर्म/संस्थान/निर्माता दिनांक 07.02.2024 समय 1:00 बजे तक निविदा समर्पित कर सकते है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहण 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा जिसमें निविदादाता/उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

   (ख) निविदा समर्पित करने/निविदा निस्तारण का स्थान — कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा, रॉची, संयुक्त कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची—834008।
6. निविदा को अपरिहार्य कारणवश किसी भी समय रद्द/परिवर्तित करने का सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला कृषि पदाधिकारी,
राँची।